FTS-833407

संख्या.सी.29011/02/2021-सीडीएन

भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

***

सी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
22, फरवरी, 2021

कार्यालय ज्ञापन

विषय: मंत्रिमंडल के लिए जनवरी, 2021 के महीने के मासिक सार के संबंध में

अधोहस्ताक्षरी को जनवरी, 2021 के महीने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों से संबंधित मासिक सार की प्रति को मंत्रिमंडल हेतु परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

महेन्द्र कुमार
(एम. के. मीणा)
उप सचिव,भारत सरकार
फोन : 23385365

संलग्न: यथोपरि।

सेवा में

D.No - I/70115/2021

मंत्री परिषद के सभी माननीय सदस्य।

संलग्नकों सहित प्रति अग्रेषित:

1. भारत सरकार के सभी सचिव (सभी मंत्रालय / विभाग)
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

प्रति सूचनार्थ: सचिव (एचई) के वरि. प्रधान निजी सचिव।

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

मंत्रिमंडल के लिए जनवरी, 2021 के माह से संबंधित मासिक सार :

1. **जनवरी, 2021 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

क. उच्चतर शिक्षण संस्थानों में माननीय प्रधानमंत्री का योगदान:

(i) एक अस्थायी परिसर में काम करने के पांच वर्ष बाद प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के स्थायी परिसर का शिलान्यास ओडिसा के संभलपुर में किया। इस अवसर पर ओडिसा के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ शिक्षा मंत्री भी उपस्थित थे।

आईआईएम, संभलपुर का यह स्थायी परिसर ओडिसा को प्रबंधन के क्षेत्र में एक नई पहचान प्रदान करेगा और आत्मनिर्भर भारत के लिए एक रास्ता तैयार करेगा। माननीय प्रधानमंत्री ने आईआईएम संभलपुर के छात्रों से यह निवेदन किया कि वे संस्थान से अर्जित किए हुए अपने ज्ञान के द्वारा ओडिसा के स्थानीय समुदाय को बढ़ने में मदद करें।

ii. माननीय प्रधानमंत्री ने तेजपुर विश्वविद्यालय, असम के 18वें दीक्षांत समारोह को वीडियो कॉफ्रेंस के द्वारा संबोधित किया। इस अवसर पर, असम के राज्यपाल, शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री भी उपस्थित थे।

ख. जेईई एडवांस्ड 2021 की तारीख की घोषणा: 03 जुलाई को परीक्षा का आयोजन

जेईई एडवांस्ड 2021, देशभर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रवेश के लिए स्नातक स्तर की इंजीनियरिंग पात्रता परीक्षा आईआईटी खड़गपुर द्वारा 03 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा की तारीख घोषणा के दौरान, शिक्षा मंत्री ने छात्रों की सुविधा के लिए अकादमिक वर्ष 2021-22 की प्रवेश अर्हता में 75% अंकों (12वीं कक्षा में) की छूट की घोषणा की है। उन्होंने यह भी सूचित किया कि जेईई एडवांस्ड 2021, कम्प्यूटर आधारित परीक्षा होगी।

ग. शिक्षा मंत्री द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन की समीक्षा

शिक्षा मंत्री ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उच्चतर शिक्षा में कार्यान्वयन के लिए कुल 181 कार्यों को चिह्नित किया गया।

घ. शिक्षा मंत्री और महिला एवं बाल विकास और वस्त्र मंत्री ने एक साथ टॉयकैथॉन 2021 और टॉयकैथॉन पोर्टल का शुभारंभ किया

शिक्षा मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, आईएंडबी मंत्रालय, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने एक साथ टॉयकैथॉन 2021 का शुभारंभ किया।

यह एक विशेष प्रकार का हैकथन है जहां भिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों से छात्र और शिक्षक, डिजाइन विशेषज्ञ, खिलौना विशेषज्ञ और स्टार्ट-अप एक साथ मिलकर खिलौने और गेम्स को विकसित करने के लिए नवोन्मेषी विचार आमंत्रित कर सकते हैं।

टॉयकैथॉन 9 विषयों पर आधारित है जैसे भारतीय संस्कृति, इतिहास, भारत का ज्ञान और प्रकृति, अधिगम, अध्ययन और विद्यालयी शिक्षा, सामाजिक और मानवीय मूल्य, व्यवसाय और विशेष क्षेत्र, पर्यावरण, दिव्यांग, स्वास्थ्य और खेल, अभिनव, रचनात्मक और तार्किक सोच और पारंपरिक भारतीय खिलौनों को पुन: डिजाइन करना।

ड़. महत्वपूर्ण घटनाक्रम

18 जनवरी, 2021 को राष्ट्रीय बुक ट्रस्ट, भारत (शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत) के साथ लंदन के नेहरू केंद्र द्वारा **"नई शिक्षा नीति 2020 - एनईपी आउटरीच"** पर एक वार्ता आयोजित की गई।

****